PISA

(विद्यार्थियों के आकलन का अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम)

15 वर्षीय विद्यार्थियों की गणित, विज्ञान और पठन क्षमताओं का आकलन जो 80 से भी अधिक देशों में प्रति तीन वर्ष में आयोजित किया जाता है

शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के अधिगम के स्तर में सुधार हेतु



विद्यार्थियों को इनसे कैसे मदद मिलती है?

विवेचनात्मक एवं सर्जनात्मक चिंतन में वृद्धि

विद्यार्थियों में ऐसे कौशल विकास करना जो उन्हें 21वीं सदी में बेहतर जीवन और भावी रोजगार के योग्य बनाएं

शिक्षा को जीवन की वास्तविकता से जोड़ना

यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थी विद्यालय में सीखे गए कौशलों का जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में प्रयोग करने में सक्षम हैं

क्षमता विकास

भाषायी कौशल सशक्त करना तथा गणित एवं वैज्ञानिक साक्षरता पर बल

दक्षता विकास

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आकलनों से परिचित कराना जिससे वे भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें

विद्यार्थी केन्द्रित नए कदम

- अध्यापन के नए तरीके, कक्षा निर्देश, परीक्षा की रूपरेखा में सकारात्मक बदलाव जिससे रटने की प्रवृति कम हो।
- सहयोग और परामर्श के माध्यम से समझने पर बल (अध्यापक और सहपाठी परमर्शदाता)।
- पठन और भाषिक कौशलों की संवृद्धि एवं प्रोत्साहन के लिए विशेष ध्यान देने वाली रणनीतियों का उपयोग।
- नो-बैग-डे में ऐसी रोचक एवं आनंददायक गतिविधियों का आयोजन जिससे विद्यार्थी का समग्र विकास हो।
- विद्यार्थियों के लिए नई गतिविधियों को आयोजित करना जिससे वे अपने आप में पूर्ण हो सकें।
- दीक्षा* एप/पैन पेपर के माध्यम से नियमित रूप से सृजनात्मक एवं विवेचनात्मक प्रश्नों का अभ्यास।

* दीक्षा शिक्षा मन्त्रालय का राष्ट्रीय शैक्षिक प्लेटफॉर्म है जो शिक्षकों और विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से सहयोग करता है।

माता-पिता अपने बच्चों के अधिगम में किस प्रकार सहायता कर सकते हैं?

- बच्चों में समाचार पत्र-पत्रिकाएं, बाल पुस्तकें इत्यादि घर पर पढ़ने की आदत को विकसित करें जिससे उनका शब्दावली-ज्ञान एवं पठन कौशल बढ़े।
- बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा वाणी, किशोर मंच, दीक्षा जैसे शैक्षिक विषयों वाले कार्यक्रमों को रेडियो, टी. वी. और इंटरनेट पर देखें और उन पर परिचर्चा करें।
- अपने बच्चों के सृजनात्मक एवं विवेचनात्मक (CCT) कार्य के विषय में अवगत रहें और उनके प्रदर्शन पर ध्यान दें। घर पर सी. सी. टी. प्रश्नों पर चर्चा करें।

दीक्षा एप का प्रयोग कैसे करें?

1. गूगल प्ले/ एंड्रोइड स्टोर से 'दीक्षा' को डाउनलोड करें।

2. डिवाइस (मोबाइल) को पॉइंट करते हुए क्यू आर (QR) पर फोकस करें अथवा QR कोड इमेज के नीचे दिया हुआ डायल कोड दर्ज करें।

F3W1N9

बच्चों को घर पर सीखने के लिए माता-पिता हेतु एक उत्तम स्त्रोत

अधिक जानकारी/ पूछताछ के लिए

1. support.pisa@teamdiksha.org पर ईमेल करें।
2. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य अथवा कक्षा अध्यापक से सम्पर्क करें।

R5Z7P5

साप्ताहिक* सीसीटी अभ्यास साप्ताहिक पांच प्रश्न